भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 26.12.2025

आरेडिका द्वारा केदारकांठा शीतकालीन ट्रैकिंग अभियान– 2025 का आयोजन

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में केदारकांठा शीतकालीन ट्रैकिंग अभियान– 2025 का आयोजन नेटवार गांव उत्तरकाशी, उत्तराखंड में किया गया। इस 9 दिवसीय ट्रैकिंग कार्यक्रम में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के 13 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने ट्रैकिंग दल को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन रेल कर्मियों के शारीरिक फिटनेस में सुधार, विषम परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता, आपसी सामंजस्य की भावना एवं मिलजुल कर कार्य करने की शैली विकसित करते हैं। पर्यावरण संरक्षण को प्रेरणा देने वाले ऐसे अभियान राष्ट्रीय एकता की दृष्टि में भी महत्वपूर्ण होते हैं।

क्योंकि लोगों को विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक रीति रिवाजों से परिचित होने का आधार मिलता है। आरेडिका खेल कूद संघ के सहयोग से उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जनपद में स्थित केदरकांठा में आरेडिका के सदस्यों ने उत्तर प्रदेश से 16 दिसंबर को रायबरेली से चलकर 17 दिसंबर 2025 को नेटवार में रिपोर्टिंग की तथा 23 दिसम्बर को नेटवार से वापस आये। इस दल का नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण अनुभवी ट्रैकर एवं आरेडिका के सीनियर सेक्शन इंजीनियर अमिय श्रीवास्तव ने किया। आरेडिका से गये समस्त 13 प्रतिभागियों ने कैंप में उपस्थित कैंप लीडर व उनके समस्त सहयोगियों के साथ मिलकर सामाजिक कार्य एवं पर्यावरण जागरूकता हेतु ट्रैकिंग अभियान के दौरान आस–पास के क्षेत्र को साफ करने का फैसला किया।

ट्रैकिंग दल के सदस्यों ने कुल 28 किलोमीटर ट्रैक किया तथा 12500 फीट की ऊँचाई तक पहुँचे। इस ट्रैक में शामिल सदस्यों ने 21 नवंबर की रात को 3:00 बजे चलकर केदरकांठा पीक से सूर्योदय के अद्भुत नजारे देखे तथा अपने ट्रैक को पूर्ण किया।

इस ट्रैकिंग दल में अमिय श्रीवास्तव वरिष्ठ अनुभव अभियंता, रोहित कुमार वरिष्ठ टेक्नीशियन, आदर्श कुमार वरिष्ठ आशुलिपिक, गौतम सागर वरिष्ठ आशुलिपिक, आनंद प्रकाश वरिष्ठ क्लर्क, राहुल कुमार तकनीशियन।।, सचिन कुमार तकनीशियन।, अरुण कुमार पाल तकनीशियन।, अरुण कुमार सिंह एकाउंटेंट, जयदेव मीणा वरिष्ठ अनुभाग अभियंता, कृष्ण कुमार वरिष्ठ तकनीशियन, धर्मेंद्र लोधी तकनीशियन।।, संजय कुमार डीएमएस ने प्रतिनिधित्व किया। आरेडिका के जनसंपर्क अधिकारी एवं ट्रैकर अनिल कुमार श्रीवास्तव, शान–ए–अवध इकाई के अध्यक्ष एस. एन. लाल एवं इकाई सचिव पंकज श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को सफल ट्रेकिंग अभियान के लिए बधाई दी।

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी